भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.10.2025

आरेडिका में छठ मैया गीतों की गूँज के साथ की सूर्य पूजा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के आवासीय परिसर में छठ पूजा का उत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। छठ पूजा के तहत महिलाओं एवं पुरुषों ने अपने परिवार और देश की सामाजिक, अर्थिक, मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य एवं शान्ति के लिए निर्जला वृत किया तथा शाम को सूर्यास्त के समय जल में खड़े होकर भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की मंगल कामना की।

सुबह से आरेडिका में छठ मैया के गीतों की गूँज होती रही लोगों ने घरों में ठेकुआ, पकवान, रंग बिरंगे चावल, गन्ना एवं फलों को पूजा के लिए सजाकर शाम को डीजे एवं बैंड बाजों के साथ आरेडिका प्रशासन द्वारा निर्मित सरोवर पर पहुँचकर सेवा अर्चना की एवं अस्तांचलमें छुपते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया।

छठ पूजा के बारे में कई पौराणिक एवं ऐतिहासिक व्याख्यान भी प्राप्त जिसमें भगवान राम एवं सीता मैया ने रावण वध के पाप से मुक्ति हेतु ,पाण्डवों द्वारा साम्राज प्राप्ति के लिए तथा हर्षवर्धन द्वारा राज्य वैभव प्राप्ति के लिए सूर्य पूजा की और उन सब की मनोकामनाएं पूर्ण हुई।

छठ पूजा का खगोलीय महत्व भी बताया जाता है कि इस दिन सूर्य की लाभकारी पराबैंगनी तरंगें पृथ्वी पर पड़ती हैं जल में खड़े होने से उनके प्रभाव में वद्धि होती है जो मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती हैं। वेदों में भी सूर्य को आरोग्य को देवता कहा गया है।

आरेडिका प्रशासन द्वारा लोक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सुरक्षा के लिए आरपीएफ एवं निगम के जवानों को तैनात किया, सरोवरों की साफ–सफाई एवं जलापूर्ति की उचित व्यवस्था की जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो और लोग विधि विधान के साथ पूजा कर सकें।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के साथ अधिकारियों ,कर्मचारियों, महिलाओं बच्चों एवं कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियनों ने छठ पूजा में सहभागिता की।

27/10/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी